# आइआइएम रांची का औसत पैकेज 15.11 लाख का

**सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय पैकेज 59.37 लाख का, आइआइएम रांची ने फाइनल प्लेसमेंट की रिपोर्ट जारी की**

**जागरण संवाददाता, रांची :** आइआइएम रांची के सत्र 2018-20 के एमबीए के छात्रों का औसत पैकेज 15.11 लाख रुपये रहा। वहीं इसी बैच के सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय पैकेज 59.37 लाख रुपये सालाना मिला। शनिवार को आइआइएम रांची ने फाइनल प्लेसमेंट की रिपोर्ट जारी कर दी। इस सत्र में कुल 248 छात्रों में 181 एमबीए और 67 छात्र एमबीए एचआर के थे। इस बार 120 से अधिक कंपनियां आइआइएम रांची में प्लेसमेंट में रुचि दिखाई थी।

**41 फीसद विद्यार्थियों का प्लेसमेंट सेल्स एंड मार्केटिंग में :** एमबीए एचआर बैच के लिए औसत वेतन 14.55 लाख सालाना जबकि उच्चतम वेतन 26.50 लाख सालाना रहा। एमबीए के 41 प्रतिशत छात्रों का प्लेसमेंट सेल्स एंड मार्केटिंग में हुआ। इसी तरह 19 प्रतिशत छात्रों का प्लेसमेंट फाइनेंस में, 15 प्रतिशत का आइटी एंड एनालिटिक्स में, 16 प्रतिशत का ऑपरेशन एंड जनरल मैनेजमेंट में और 9 प्रतिशत का स्ट्रेटजी एंड कंसल्टिंग में हुआ। आइआइएम रांची में सत्र 2018-20 के छात्रों के प्लेसमेंट के लिए कई बड़ी कंपनियां पहुंची थी। एशियन पेंट्स, सीके बिरला ग्रुप, इमामी एग्रोटेक, एचसीएल, हीरो मोटोकार्प, एचआरबीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी कंपनियां पहली बार पहुंची थीं।

Dainik Jagaran, 17.05.2020, Pg. 02